सेट – 2 वार्षिक परीक्षा 2019

वर्ग – नवम

विषय – हिन्दी 'ए' पूर्णांक – 80

<u>वस्तुनिष्ठ प्रश्नोत्तर</u>

**खण्ड–अ (प्रश्न सं0 01 से 10 तक)**

---

I) निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उससे दिये गए प्रश्नों के सही विकल्प को चुनें :–

वायु प्रदूषण आज की प्रमुख समस्या है। जंगलों के कटने तथा खनिज इंधनों के जलने से वायु में कार्बन डाई आक्साइड की मात्र दिनों दिन बढ़ रही है। विश्व पर्यावरण विकास आयोग के अनुसार औद्योगीकरण के पूर्व वायु के प्रति 10 लाख में 280 कार्बन डाई आक्साइड थी। यह घनत्व अस्सी के दशक में 340 पहुँच गया तथा इक्कीसवीं शताब्दी के मध्य से अंत तक यह 560 तक पहुँच जाएगा।

वातावरण में छोड़ा जाने वाला धुआँ अब सामान्य लकड़ी का धुआँ न होकर अब उसमें कार्बन डाइ आक्साइड के साथ ही नाइट्रस ऑक्साइड, धूल जैसा पदार्थों का आधिक्य भी हो रहा है। धातु कणों में सीसा, पारा, निकल क्रोमियम, ताम्बा आदि होते है। सीसे के जहर से मानव मस्तिष्क के तन्तु नष्ट हो जाते हैं। निकल क्रोमियम से श्वास लेने में कष्ट होता है। फोम, रबर, रेफ्रिजरेशन, एयरोसोल कारखानों से वातावरण में घुलती गैस से प्राणवायु के स्रोत ओजोन परत के टूटने का खतरा 1986 में विदित हुआ है। अन्तरिक्ष में विभिन्न उपग्रहों को स्थापित करते समय वायुमण्डल की ओजोन प्रभावित होती है। विषभरी गैसें भवनों को भी प्रभावित करती हैं। वृक्ष वातारण को शुद्ध करते हैं। एक औसत श्रेणी का वृक्ष 50 वर्षों में 50 हजार किलोग्राम आक्सीजन देता है। इन्हें काटकर मनुष्य वातावरण के संतुलन को बिगाड़ रहे हैं और वायु प्रदूषण को बढ़ावा दे रहे हैं।

प्रश्न –

1) आज की प्रमुख समस्या क्या है?

(A) बिजली (B) वायु प्रदूषण

(C) यातायात (D) चरित्रहीनता।

2) जंगलों के कटने से क्या हो रहा है?

(A) वायु में सल्फर बढ़ रहा है।

(B) कार्बन डाई आक्साइड बढ़ रही है।

(C) तेजाब बढ़ रहा है।

(D) इनमें से कोई नहीं।

3) सीसे का जहर किस अंग के तन्तुओं को नष्ट कर देता है?

(A) हृदय (B) फेफड़े

(C) मस्तिष्क (D) किसी को नहीं।

4) एक वृक्ष 50 वर्षों में लगभग कितनी ऑक्सीजन देता है?

(A) 500 किलो

(B) 5000 किलो

(C) 50000 किलो

(D) 150 किलो।

5) 'प्रदूषण' में कौन से उपसर्ग हैं?

(A) षण

(B) प्रदू

(C) प्र

(D) कोई नहीं।

II) निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उससे दिये गए प्रश्नों के सही विकल्प को चुनें :–

हम केवल सीखने के लिए ही पुस्तकों का साथ नहीं ढूँढते, आनंद के लिए भी हम उनके पास जाते हैं। जान बूझ कर ही मैंने आनंद कहा है न कि मनोरंजन क्योंकि दोनों पृथक–पृथक हैं। कुछ लोग मनोरंजन के लिए भी पढ़ते हैं। ये लोग पढ़ते है ऐसी कथा और कहानियाँ जो आज हैं और कल नहीं जो आज नई हैं और कल वासी पड़ जाती हैं। सच्चा साहित्य आनंद देता है, ऐसा आनंद जिसे समझना कठिन है और साहित्य यह आनन्द पहुँचाता है अपने सत्य और सौंदर्य के द्वारा।

वस्तुतः अध्ययन का अभिप्राय है स्वयं पढ़ना। अध्ययन पुस्तक का भी हो सकता है और अपने आस–पास के जीवन का भी। इस प्रकार एक निरक्षर व्यक्ति भी देख सुनकर, मिल–जुलकर, देश भ्रमण करके लोगों की सेवा करके, परिस्थितियों के धक्के खाकर, कभी कुछ खोकर, कभी कुछ सीखकर दुनिया का अध्ययन कर सकता है। निश्चय ही यह जीवन का व्यावहारिक अध्ययन है, इसमें भी आनंद आता है और इससे भी कबीर जैसा मनुष्य ज्ञानवान बन सकता है। किन्तु यह महँगा सौदा है।

प्रश्न –

6) हम पुस्तकों का अध्ययन क्यों करते है ?

(A) गाने के लिए

(B) नाचने के लिए

(C) हँसने के लिए

(D) सीखने तथा आनंद के लिए।

7) सच्चा साहित्य हमें क्या देता है ?

(A) रस

(B) छंद

(C) अलंकार

(D) आनंद।

८) एक निरक्षर व्यक्ति दुनिया का अध्ययन कैसे करता है?

(A) पढ़कर

(B) लिखकर

(C) देश भ्रमण एवं अवलोकन कर

(D) बोलकर।

९) अध्ययन का अभिप्राय क्या है?

(A) स्वयं पढ़ना

(B) नहीं पढ़ना

(C) पुस्तकें खरीदना

(D) पुस्तके जमा करना।

१०) 'व्यावहारिक' शब्द में कौन सा प्रत्यय है?

(A) व्यय

(B) क

(C) हिक

(D) इक

---

**खण्ड – ब (प्रश्न सं० : ११ – १५ तक)**

---

III) नीचे दिए गए पत्र लेखन के रिक्त स्थान को सही विकल्प द्वारा भरें:–

परीक्षा भवन

दिनांक ..............

प्रिय मित्र,

सप्रेम नमस्ते।

कैसे हो दोस्त। तुम्हारी .......११........... में मेरे जन्म दिवस का स्वाद कुछ फीका ही रहा। मैं सुबह से तुम्हारी राह देख रहा था। परन्तु न तुम आए न तुम्हारा संदेश आया। आज ही मुझे खबर मिली कि तुम बाहर गए हुए थे।

प्रिय सुमीत। इस बार मेरे ..........12.......... पर सभी सगे संबंधी तथा कक्षा के कई मित्र उपस्थित थे। दोपहर 1.00 बजे केक काटा गया। उसके बाद ..............13.............. का प्रबंध था। दीदी और जीजाजी भी आए हुए थे। इसलिए घर–भर में उत्साह था। मेरे मित्र भी तुम्हें याद कर रहे थे। संबंधियों की ओर से ढेर सारे उपहार मिले हैं। पूरा दिन ........14......... में बीता/समय मिलने पर जरूर आना।

माता पिता को मेरी ओर से ......15........।

तुम्हारा प्यारा दोस्त

रमेश

11) (A) प्रतीक्षा

(B) आगमन

(C) प्रस्थान

(D) लौटने।

12) (A) कार्यक्रम

(B) त्योहार

(C) जन्म दिवस

(D) जुलुस।

13) (A) प्रीतिभोज

(B) नाचने

(C) घूमने

(D) खेलने

14) (A) गम

(B) हंसी–खुशी

(C) चिंता

(D) खेलकूद।

15) (A) स्नेह (B) शुभाशीर्वाद

(C) सादर प्रणाम (D) नमस्कार।

## खण्ड – स (प्रश्न सं0 : 16 – 25 तक)

IV) निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प को चुने :–

16) 'कवि' का सही स्त्रीलिंग इन में से क्या है ?

(A) कवित्री  (B) कवयित्री

(C) कवियित्री  (D) कवियत्री

17) 'अध्यापिका' का बहुबचन होगा ?

(A) अध्यापक  (B) अध्यापिकाएँ

(C) आध्यापिकों  (D) अध्यापिका गण

18) इनमें से परिमाणवाचक विशेषण कौन है ?

(A) एक तोला सोना  (B) दयालु

(C) चौथा  (D) यह

19) इनमें से सरल वाक्य का उदाहरण कौन है ?

(A) पानी बरस रहा है।

(B) वर्षा हो रही है और बादल गरज रहे हैं।

(C) शिक्षक ने कहा कि कल वर्षा होगी।

(D) काश! आज वर्षा होती!

20) इनमें से आग का पर्यायवाची शब्द कौन नहीं होगा ?

(A) अग्नि

(B) अनिल

(C) पावक

(D) ज्वाला

21) ‘आग बबूला होना’ मुहावरे का क्या अर्थ है?

(A) जलना

(B) क्रोधित होना

(C) धोखा देना

(D) मार डालना

22) निम्नांकित वाक्यों में कर्त्ता के ‘ने’ चिह्न का सही प्रयोग किस वाक्य में हुआ है?

(A) बीरबल ने मनोरंजन करते थे।

(B) प्रेमचंद ने कहानी लिखी

(C) हमने सोया नहीं था।

(D) माली ने पौधे को सिंचता था।

23) ‘हर्ष‘ का सही विलोम क्या होगा?

(A) खुशी

(B) विषाद

(C) हर्षित

(D) उल्लसित

24) चिर–चीर का सही अर्थ भेद कौन सा है?

(A) वृक्ष–मोती (B) फाड़ना–चिरना

(C) आकाश–पाताल (D) कपड़ा पुराना

25) निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य शुद्ध है?

(A) उनकी सौभाग्यवती कन्या का विवाह हो गया।

(B) बंदूक एक उपयोगी शस्त्र है।

(C) बाघ और बकरी एक घाट पर पानी पीती है।

(D) उसके प्राण सूख गए।

## खण्ड – द (पाठ्य पुस्तकें) प्रश्न सं0 : 26 – 40 तक)

V) नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प को चुनें:–

26) हीरा और मोती के स्वामी का नाम क्या था?

(A) झूरी (B) मूरी

(C) हरि (D) गया

27) लेखक राहुल सांकृत्यायन का सहयात्री कौन था?

(A) सुमित (B) सुमति

(C) सुशील (D) विमल

28) 'साँवले सपनों की याद' पाठ के लेखक कौन है?

(A) जाकिर हुसैन (B) जफ्फर हुसैन

(C) जाबिर हुसैन (D) अब्दुल कमाल

29) किस ब्रिटिश ने देवी मैना पर दया–भाव दिखाई?

(A) जनरल अउटरम (B) लार्ड केनिंग

(C) लार्ड डलहौजी (D) सर टॉमस हे

30) निम्नांकित कथनों में से सही कथन को चुनें :–

(A) बाएँ पाँव का जूता ठीक है मगर दाहिने जूते में बड़ा छेद हो गया है जिसमें से अँगुली बाहर निकल आई है।

(B) लोग तो इत्र चुपड़कर फोटो खिंचाते हैं जिससे फोटो में खुशबू आ जाए।

(C) तुम्हारी यह व्यंग्य मुस्कान मेरे हौसले बढ़ाती है।

(D) जिसे तुम घृणित समझते हो, उसकी तरफ अँगूटे से इशारा करते हो?

31) मनुष्य ईश्वर को कहाँ नहीं ढूँढ़ता है?

(A) मंदिर में (B) मसजिद में

(C) क्रिया कर्म में (D) खेल के मैदान में

32) पाठ्य पुस्तक में संकलित रसखान की कविता किस छंद में वर्णित है?

(A) दोहा (B) चौपाई (C) सोरठा (D) सवैया

33) 'कैदी और कोकिला' के कवि कौन है?

(A) सुमित्रा नंदन पंत (B) माखनलाल चतुर्वेदी

(C) चंद्रकांत देवताले (D) महादेवी वर्मा

34) कवि ने 'मरकत डिब्बे सा खुला' किसको कहा है?

(A) पहाड़ को (B) पठार को (C) गाँव को (D) शहर को

35) 'मेघ आए' कविता में किस ऋतु का वर्णन हुआ है?

(A) पावस ऋतु (B) गर्मी ऋतु

(C) बसंत ऋतु (D) शरद ऋतु

36) 'इस जल प्रलय में' नामक निबंध में किसका वर्णन हुआ है?

(A) सुखाड़ का (B) समुद्र का

(C) नदी का (D) बाढ़ का

37) 'रीढ़ की हड्डी' किस प्रकार का पाठ है?

(A) एकांकी (B) कहानी (C) संस्मरण (D) निबंध

38) माटी वाली ने दो रोटियों मेंसे एक रोटी क्यों छिपाई?

(A) पुत्री के लिए (B) पुत्र के लिए

(C) पड़ोसी के लिए (D) बूढ़े पति के लिए

39) 'मेरे संग की औरते' पाठ की लेखिका मृदुला गर्ग अपने भाई-बहनों में किस स्थान पर थी?

(A) पहला (B) दूसरा (C) तीसरा (D) चौथा

40) 'रीढ़ की हड्डी' पाठ में विवाह योग्य लड़का का क्या नाम है?

(A) अनुराग (B) रतन (C) शंकर (D) सिद्धार्थ

सेट – 2

# उत्तरमाला

## वर्ग – नवम

## विषय – हिन्दी 'ए'

| प्रश्न सं0 | सही उत्तर | प्रश्न सं0 | सही उत्तर |
|---|---|---|---|
| 1 | b | 21 | b |
| 2 | b | 22 | b |
| 3 | c | 23 | b |
| 4 | c | 24 | d |
| 5 | c | 25 | d |
| 6 | d | 26 | a |
| 7 | d | 27 | b |
| 8 | c | 28 | c |
| 9 | a | 29 | d |
| 10 | d | 30 | b |
| 11 | a | 31 | d |
| 12 | c | 32 | d |
| 13 | a | 33 | b |
| 14 | b | 34 | c |
| 15 | c | 35 | a |
| 16 | b | 36 | d |
| 17 | b | 37 | a |
| 18 | a | 38 | d |
| 19 | a | 39 | b |
| 20 | b | 40 | c |